(vi) पंजीकरणकर्ताओं के मध्य विवाह की अनुमन्यता का प्रमाण यदि वे प्रतिषिद्ध नातेदारी की डिग्री के भीतर हैं – अनुलग्नक –27 में निर्धारित प्रारूप के अनुसार धर्म गुरु / समुदाय प्रमुख या संबंधित धार्मिक / सामुदायिक निकाय के अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र कि पंजीकरणकर्ताओं को शासित करने वाली रूढ़ि या प्रथा प्रतिषिद्ध नातेदारी की डिग्री के अंतर्गत विवाह अनुमन्य करती हैं;

(vii) साझी गृहस्थी का प्रमाण –

(क) यदि साझी गृहस्थी या साझी गृहस्थी के रूप में उपयोग किया जाने वाला निवास स्थान किराए पर लिया गया हो– स्वामी का पूर्ण नाम; स्वामी का मोबाइल नंबर; किराया अनुबंध की एक प्रति; किरायेदार सत्यापन संख्या एवं उपभोक्ता कंपनी या आवासी कल्याण संघ द्वारा निर्गमित अंतिम जल/विद्युत् बिल की एक प्रति।

(ख) यदि साझी गृहस्थी या निवास स्थान के रूप में उपयोग किया जाने वाला आवास पंजीकरणकर्ताओं या पंजीकरणकर्ताओं के नातेदारों के स्वामित्व में है – स्वामी का नाम तथा पंजीकरणकर्ताओं के साथ संबंध; स्वामी का मोबाइल नंबर यदि दोनों या पंजीकरणकर्ताओं में से किसी एक का स्वामित्व नहीं है, तथा उपभोक्ता कंपनी या आवासी कल्याण संघ द्वारा निर्गमित अंतिम जल/विद्युत् बिल की प्रति।

(4) **यदि पंजीकरणकर्ताओं में से कोई भी 21 वर्ष से कम आयु का है तो उनसे संबंधित अतिरिक्त सूचना–** माता–पिता या विधिक अभिभावकों का नाम; आधार से संबद्ध माता–पिता या विधिक अभिभावकों के मोबाइल नंबर; आधार के अनुसार माता–पिता या विधिक अभिभावकों के पते एवं माता–पिता या विधिक अभिभावकों की ईमेल आईडी।

(5) **यदि सहवासीगण पूर्व से ही सहवासी संबंध में हैं तो अतिरिक्त सूचना–** सहवासी संबंध में प्रवेश का दिनांक।

(6) **सहवासी संबंध के पंजीकरण हेतु कथन के प्रस्तुतीकरण की प्रक्रिया–** जो पंजीकरणकर्ता सहवासी संबंध में रह रहे हैं या सहवासी संबंध में प्रवेश के इच्छुक हैं, वे ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया का पालन करके अथवा ऑफ़लाइन पंजीकरण प्रक्रिया के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं।

(7) **सहवासी संबंध को पंजीकृत करने हेतु कथन के ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण की प्रक्रिया–** पंजीकरणकर्ता सहवासी संबंध के पंजीकरण हेतु कथन स्वयं अथवा राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचना के माध्यम से निर्धारित किसी भी एजेंसी/एजेंसियों की सहायता से प्रस्तुत कर सकते हैं, जिसके सापेक्ष एजेंसी/एजेंसियां राज्य सरकार द्वारा निर्धारित सेवा शुल्क प्रभारित कर सकती हैं। दोनों ही स्थिति में निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा –

(क) संहिता के आधिकारिक वेब–पोर्टल www.ucc.uk.gov.in पर जाएं एवं वहां विहित रीति का क्रमशः पालन करें या मोबाइल ऐप डाउनलोड करें एवं उसमें विहित रीति का क्रमशः पालन करें।

(ख) सहवासी संबंध के ऑनलाइन पंजीकरण हेतु प्रथम चरण में एक बार साइन–अप करना होगा, जिसके लिए पंजीकरणकर्ताओं में से किसी एक द्वारा स्वयं की आधार संख्या प्रविष्ट करना आवश्यक होगा। आधार संख्या से संबद्ध मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी प्राप्त होगा, जिसे सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु प्रविष्ट करना होगा। पंजीकरणकर्ता हेतु आधार संख्या भविष्य की समस्त प्रक्रियाओं के लिए उपयोगकर्ता पहचान संख्या होगी।

(ग) कथन के प्रस्तुतीकरण हेतु, पंजीकरणकर्ताओं में से एक को आधार संख्या के माध्यम से लॉगिन करना आवश्यक होगा जिसे उपरोक्त खंड (ख) में उल्लिखित प्रक्रिया के पश्चात् प्रत्येक बार सत्यापित किया जाएगा।

(घ) वेब–पोर्टल/मोबाइल ऐप इस प्रकार परिकल्पित किया जाएगा कि लॉग इन करने के पश्चात् पंजीकरणकर्ताओं को क्रमशः अपेक्षित सूचना की प्रविष्टि अथवा विकल्पों की सूची से किसी एक का

चयन करने अथवा संबंधित अभिलेख की प्रति अपलोड करने हेतु मार्गदर्शित किया जा सके। लॉग–इन करने से पूर्व, पंजीकरणकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे नियम 15 के उपनियम (3), (4) एवं (5) के अंतर्गत अपेक्षित सूचना सहज उपलब्ध रखें ताकि ज्ञापन का प्रस्तुतीकरण सुचारू रूप से हो सके।

(ङ) यदि पंजीकरणकर्ताओं में से एक विदेशी नागरिक है, तो विदेशी नागरिक को आधार कार्ड निर्गमित होने तक ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया के माध्यम से कथन प्रस्तुत नहीं किया जा सकेगा।

(8) सहवासी संबंध के पंजीकरण हेतु कथन के ऑफ़लाइन प्रस्तुतीकरण की प्रक्रिया–

(क) ऑफ़लाइन पंजीकरण हेतु, पंजीकरणकर्ता सहायक अभिलेखों के साथ प्रपत्र–3 में विहित प्रारूप में सहवासी संबंध का विवरण संबंधित निबंधक को प्रस्तुत कर सकते हैं। पंजीकरणकर्ता संहिता के आधिकारिक वेब–पोर्टल अर्थात www.ucc.uk.gov.in पर जाकर अथवा मोबाइल ऐप के माध्यम से अधिकारिता प्राप्त निबंधक के संबंध में सूचना प्राप्त कर सकते हैं।

(ख) उपरोक्त प्रक्रिया के माध्यम से कथन के प्रस्तुतीकरण हेतु, पंजीकरणकर्ता संबंधित निबंधक को व्यक्तिगत रूप से सहवासी संबंध का कथन प्रस्तुत कर सकते हैं।

(9) सहवासी संबंध के पंजीकरण हेतु शुल्क– सहवासी संबंध में पंजीकरण के लिए निम्नवत् निर्धारित शुल्क का भुगतान ऑफलाइन पंजीकरण हेतु नकद या ऑनलाइन पंजीकरण हेतु डिजिटल माध्यम से किया जा सकता है। ऑफ़लाइन पंजीकरणकर्ताओं को अनुलग्नक –28 के अनुसार चालान भरकर किसी भी वाणिज्यिक बैंक में शुल्क जमा करना होगा एवं चालान की रसीद प्राप्त करनी होगी। डिजिटल भुगतान नेट बैंकिंग, क्रेडिट अथवा डेबिट कार्ड या यूपीआई विकल्पों के माध्यम से किया जा सकता है। विभिन्न श्रेणियों हेतु शुल्क निम्नानुसार हैं–

(क) जो लोग संहिता के प्रारंभ होने से पूर्व सहवासी संबंध में थे, उन्हें संहिता के प्रारंभ होने के दिनांक को सहवासी संबंध का कथन प्रस्तुत करते समय, उनके लिए राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचना के माध्यम से निर्धारित शुल्क प्रभार्य होगा।

(ख) संहिता के प्रारंभ होने की दिनांक या उसके पश्चात् सहवासी संबध में प्रवेश के इच्छुक पंजीकरणकर्ताओं को सहवासी संबंध में प्रवेश करने से पूर्व अपना आशय प्रस्तुत करते समय, राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी अधिसूचना के माध्यम से निर्धारित शुल्क प्रभार्य होगा।

16. सहवासी संबंध की समाप्ति

(1) सहवासी संबंध की समाप्ति की प्रक्रिया– सहवासी संबंध की समाप्ति के इच्छुक दोनों सहवासी, या उनमें से कोई एक ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से ऐसा कर सकते हैं।

(2) सहवासी संबंध की समाप्ति के कथन में सम्मिलित की जाने वाली सूचना–

(क) सहवासी संबंध की समाप्ति का कथन प्रस्तुत करने वाले व्यक्तियों – महिला, पुरुष या संयुक्त रूप से दोनों सहवासी का नाम एवं पता;

(ख) सहवासी संबंध के कथन की पंजीकरण संख्या;

(ग) सहवासी संबंध की समाप्ति की दिनांक;

(घ) बच्चों का विवरण – सहवासी संबंध से जनित या सहवासियों द्वारा गोद लिए गए बच्चे का नाम, आयु, लिंग, जब तक कि ये विवरण पूर्व में प्रस्तुत न कर दिए गए हों; तथा

(ङ) सहायक अभिलेख– उपरोक्त **खंड (घ)** के अंतर्गत दी गई सूचना के समर्थन हेतु – बच्चे के जन्म/दत्तक ग्रहण का प्रमाण पत्र।

(3) सहवासी संबंध की समाप्ति हेतु कथन के ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण की प्रक्रिया– पंजीकरणकर्ता सहवासी संबंध की समाप्ति हेतु कथन स्वयं अथवा राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचना के माध्यम से निर्धारित किसी भी एजेंसी/एजेंसियों की सहायता से प्रस्तुत कर सकते हैं। जिसके सापेक्ष एजेंसी/एजेंसियां राज्य सरकार द्वारा निर्धारित सेवा शुल्क प्रभारित कर सकती हैं। दोनों ही स्थिति में निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा –

(क) संहिता के आधिकारिक वेब–पोर्टल www.ucc.uk.gov.in पर जाएं एवं वहां विहित रीति का क्रमशः पालन करें या मोबाइल ऐप डाउनलोड करें एवं उसमें विहित रीति का क्रमशः पालन करें।

(ख) कथन के प्रस्तुतीकरण हेतु, सहवासी संबंध में से एक साथी को अपने/अपनी आधार संख्या के माध्यम से लॉगिन करना आवश्यक होगा जिसे प्रत्येक बार सत्यापित किया जाएगा।

(ग) वेब–पोर्टल/मोबाइल ऐप इस प्रकार परिकल्पित किया जाएगा कि लॉग इन करने के पश्चात् सहवासियों को क्रमशः अपेक्षित सूचना की प्रविष्टि अथवा विकल्पों की सूची से किसी एक का चयन करने अथवा संबंधित अभिलेख की प्रति अपलोड करने हेतु मार्गदर्शित किया जा सके। लॉग–इन करने से पूर्व, सहवासियों को सलाह दी जाती है कि वे नियम 16 के उपनियम (2) के अंतर्गत अपेक्षित सूचना सहज उपलब्ध रखें ताकि ज्ञापन का प्रस्तुतीकरण सुचारू रूप से हो सके।

(4) सहवासी संबंध की समाप्ति हेतु कथन के ऑफ़लाइन प्रस्तुतीकरण की प्रक्रिया–

(क) ऑफ़लाइन समाप्ति हेतु, सहवासी संबंध की समाप्ति के इच्छुक सहवासी आवश्यक सहायक अभिलेखों के साथ प्रप्रत्र–4 में निर्धारित प्रारूप में सहवासी संबंध की समाप्ति का कथन संबंधित निबंधक को प्रस्तुत कर सकते हैं। सहवासी साथी संहिता के आधिकारिक वेब–पोर्टल अर्थात www.ucc.uk.gov.in पर जाकर अथवा मोबाइल ऐप के माध्यम से अधिकारिता प्राप्त निबंधक के संबंध में सूचना प्राप्त कर सकते हैं।

(ख) उपरोक्त प्रक्रिया के माध्यम से सहवासी संबंध की समाप्ति का कथन संबंधित निबंधक को प्रत्यक्ष रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं।

(5) सहवासी संबंध की समाप्ति हेतु शुल्क– सहवासी संबंध की ऑफ़लाइन समाप्ति हेतु नकद में या ऑनलाइन समाप्ति हेतु डिजिटल माध्यम से राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचना के माध्यम से निर्धारित शुल्क देय होगा। ऑफलाइन समाप्ति हेतु सहवासियों को अनुलग्नक–28 के अनुसार चालान भरकर किसी भी वाणिज्यिक बैंक में शुल्क जमा करना होगा एवं चालान की रसीद प्राप्त करनी होगी। ऑनलाइन प्रक्रिया के अंतर्गत समाप्ति हेतु डिजिटल भुगतान नेट बैंकिंग, क्रेडिट अथवा डेबिट कार्ड, या यूपीआई विकल्पों के माध्यम से किया जा सकता है।

17. सहवासियों के कर्तव्य

(1) सहवासी संबंध की समाप्ति का कथन प्रस्तुत करना– सहवासियों को सहवासी संबंध की समाप्ति का अपना कथन नियम 16 के उपनियम (5) के अंतर्गत निर्धारित शुल्क के साथ प्रस्तुत करना होगा।

(2) गर्भस्थ बच्चे के संबंध में सूचना–

(क) यदि सहवासी संबंध की समाप्ति का कथन प्रस्तुत करते समय यह ज्ञात हो कि महिला सहवासी गर्भवती है, तो निबंधक को इसकी सूचना देना अनिवार्य होगा।

(ख) यदि सहवासी संबंध की समाप्ति के पश्चात् सहवासियों से बच्चा/बच्चे जनित होते हैं, तो इसे महिला सहवासी साथी द्वारा बच्चे/बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने के दिनांक से तीस दिनों के अंतर्गत अद्यतन करना होगा।

18. सहवासियों के अधिकार

(1) निबंधक की निष्क्रियता के विरुद्ध शिकायत–

(क) यह सूचना प्राप्त होने पर कि निबंधक की ओर से निष्क्रियता के कारण सहवासी संबंध की समाप्ति का कथन संक्षिप्त जांच के प्रयोजनार्थ महानिबंधक को अग्रसारित किया गया है, सहवासी साथी महानिबंधक के समक्ष संबंधित निबंधक के विरुद्ध औपचारिक रूप से शिकायत ऑनलाइन प्रस्तुत करने के पात्र होंगे।

(ख) उपरोक्त खंड (क) के अंतर्गत, सहवासियों द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया निम्नानुसार होगी –

(i) शिकायतकर्ता सहवासी को संहिता के आधिकारिक वेब–पोर्टल/मोबाइल ऐप पर जाना होगा एवं सहवासी संबंध की समाप्ति हेतु कथन की आवेदन संख्या प्रदान करनी होगी;

(ii) पोर्टल यह सत्यापित करेगा कि क्या ऐसी निष्क्रियता अभिलिखित की गई है एवं क्या कथन को संक्षिप्त जांच के प्रयोजनार्थ महानिबंधक को अग्रसारित किया गया है; तथा

(iii) एक बार कथित निष्क्रियता सत्यापित हो जाने पर, सहवासियों को टेक्स्ट बॉक्स में निबंधक के विरुद्ध अपनी शिकायत प्रविष्ट करने तथा उसे प्रस्तुत करने की अनुमति प्रदान की जाएगी।

(2) **उप–निबंधक द्वारा पारित आदेश के विरुद्ध अपील** – उप–निबंधक द्वारा पारित आदेश के विरुद्ध, जिसमें सहवासी संबंध के कथन के पंजीकरण को अस्वीकार कर दिया गया हो– पंजीकरणकर्ता ऐसे अस्वीकृति आदेश की प्राप्ति से तीस दिनों के भीतर निबंधक के समक्ष ऑनलाइन अपील कर सकते हैं। उपरोक्त को संहिता के आधिकारिक वेब–पोर्टल / मोबाइल ऐप पर जाकर किया जा सकता है। अपील योजित करने की प्रक्रिया क्रमशः निम्नानुसार है –

(क) पंजीकरणकर्ता को, उप–निबंधक द्वारा अस्वीकृत किए गए सहवासी संबंध के कथन के पंजीकरण संबंधी आवेदन संख्या, अस्वीकृति आदेश की एक प्रति के साथ वेब–पोर्टल / मोबाइल ऐप पर प्रदान करनी होगी;

(ख) इसके पश्चात् पंजीकरणकर्ता को अपने मामले के समर्थन में अतिरिक्त अभिलेख अपलोड करने का विकल्प प्राप्त होगा; तथा

(ग) अभिलेख, यदि कोई हो, अपलोड करने के पश्चात् पंजीकरणकर्ता टेक्स्ट बॉक्स में अपील हेतु आधार प्रविष्ट कर सकता है एवं उसे प्रस्तुत कर सकता है।

(3) **निबंधक द्वारा पारित आदेश के विरुद्ध अपील** –निबंधक द्वारा पारित आदेश के विरुद्ध, जिसमें सहवासी संबंध के कथन के पंजीकरण को अस्वीकार कर दिया गया हो, पंजीकरणकर्ता ऐसे अस्वीकृति आदेश की प्राप्ति से तीस दिनों के भीतर महानिबंधक के समक्ष ऑनलाइन अपील कर सकते हैं। उपरोक्त को संहिता के आधिकारिक वेब–पोर्टल / मोबाइल ऐप पर जाकर किया जा सकता है। अपील योजित करने की प्रक्रिया क्रमशः निम्नानुसार है –

(क) पंजीकरणकर्ता को, निबंधक द्वारा अस्वीकृत किए गए सहवासी संबंध के कथन के पंजीकरण संबंधी आवेदन संख्या, अस्वीकृति आदेश की एक प्रति के साथ वेब–पोर्टल / मोबाइल ऐप पर प्रदान करनी होगी;

(ख) इसके पश्चात् पंजीकरणकर्ता को अपने मामले के समर्थन में अतिरिक्त अभिलेख अपलोड करने का विकल्प प्राप्त होगा; तथा

(ग) अभिलेख, यदि कोई हो, अपलोड करने के पश्चात् घोषणाकर्ता / पंजीकरणकर्ता टेक्स्ट बॉक्स में अपील हेतु आधार प्रविष्ट कर सकता है एवं उसे प्रस्तुत कर सकता है।

19. अनुषांगिक विषय

(1) एक महिला सहवासिनी, उस सक्षम न्यायालय में भरण–पोषण का दावा करने हेतु आवेदन योजित कर सकती है, जिसका अधिकार क्षेत्र उस स्थान पर हो, जहां दोनों सहवासी साथी अंतिम बार साथ रहते थे। यदि अंतिम सहवास का स्थान उत्तराखण्ड की सीमा से बाहर है, तो आवेदन सहवासी संबंध के पंजीकरण के समय सहवासी साथियों द्वारा चयनित निबंधक के अधिकारिता क्षेत्रवाले सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

(2) अवयस्क बच्चे/बच्चों की देखभाल, अभिरक्षा एवं भरण–पोषण का दावा करने हेतु, आवेदक साथी/व्यक्ति को, सहवासी संबंध के पंजीकरण के समय सहवासी साथियों द्वारा चयनित निबंधक के अधिकारिता क्षेत्रवाले सक्षम न्यायालय में आवेदन योजित करना होगा।

(3) महिला सहवासी साथी के भरण–पोषण, तथा सहवासी संबंध में अवयस्क बच्चे/बच्चों की देखभाल, अभिरक्षा एवं भरण–पोषण से संबंधित समस्त कार्यवाहियों में संहिता के भाग 1 के अध्याय 5 में निहित प्रावधान *यथावश्यक परिवर्तनों* सहित लागू होंगे।

अध्याय– 6

प्रकीर्ण प्रावधान

20. **(1)** सूचना तक पहुंच –

(क) विवृत्त पहुँच – इस नियमावली के अंतर्गत प्राप्त ज्ञापनों के माध्यम से एकत्र की गई समस्त सूचना को एक डेटाबेस, अर्थात इलेक्ट्रॉनिक रजिस्टर में संग्रहीत किया जायेगा। उपरोक्त डाटाबेस से ऐसी सूचनाएं, जो पंजीकरणकर्ताओं की व्यैक्तिक सूचना से संबंधित नहीं हैं, जैसे कि किसी विशिष्ट समयावधि में तथा किसी विशिष्ट क्षेत्र में अनुष्ठापित विवाहों के पंजीकरणों की संख्या से संबंधित आंकड़े, सूचना आइकन पर क्लिक करके तथा संहिता के आधिकारिक वेब–पोर्टल www.ucc.uk.gov.in अथवा मोबाइल ऐप पर प्रश्न प्रस्तुत करके विवृत रूप से प्राप्त की जा सकेंगी।

(ख) प्रतिबंधित पहुंच – किसी व्यक्ति की व्यैक्तिक सूचना जैसे कि धर्म, श्रेणी (सामान्य/अनुसूचित जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अन्य), उसके बच्चों की संख्या तथा उसके संबंधों का इतिहास अर्थात, क्या वह व्यक्ति पूर्व में विवाहित है या सहवासी संबंध में है या विवाह–विच्छेदित या विधवा/विधुर है या उसका विवाह अकृत हो गया है या सहवासी संबंध समाप्त हो चुका है, मात्र तभी प्राप्त की जा सकती है जब जानकारी मांगने वाला व्यक्ति तथा वह व्यक्ति जिसकी व्यक्तिगत सूचना मांगी जा रही है, दोनों में से किसी एक या दोनों के संबंध में सूचना प्राप्त करने हेतु संयुक्त रूप से पृच्छा प्रस्तुत करें। किसी भी स्थिति में, पृच्छा प्रपत्र संहिता के आधिकारिक वेब–पोर्टल www.ucc.uk.gov.in अथवा मोबाइल ऐप पर प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

(2) मिथ्या शिकायतों को हतोत्साहित करना –

(क) यदि यह ज्ञात होता है कि किसी व्यक्ति ने अन्य व्यक्ति के विरुद्ध मिथ्या शिकायत दर्ज की है, तो शिकायतकर्ता को भविष्य में सावधान एवं सचेत रहने हेतु चेतावनी दी जाएगी। यदि वही व्यक्ति दूसरी शिकायत दर्ज करता है जो मिथ्या पाई जाती है, तो उसे राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचना के माध्यम से निर्धारित शास्ति/अर्थदंड देय होगा। उसी व्यक्ति द्वारा अग्रेत्तर मिथ्या

शिकायत करने पर, उसे राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचना के माध्यम से निर्धारित भारी अर्थदंड देय होगा।

(ख) शिकायत दर्ज करते समय, खंड (क) से संबंधित प्रावधान संभावित शिकायतकर्ता के ध्यानार्थ लाया जाएगा, जिसे तब यह स्वीकार करना होगा कि उसे प्रावधान के संबंध में जानकारी है।

(3) समय पर भुगतान न करने पर शास्ति/अर्थदंड की वसूली– संहिता/नियमावली के अंतर्गत प्रभारित शास्ति/अर्थदंड का भुगतान नियामवली के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ऑनलाइन किया जाएगा और किसी भी प्रकरण में शास्ति/अर्थदंड के दिनांक से 45 दिनों से अधिक नहीं होगा। यदि निर्धारित समय के भीतर शास्ति/अर्थदंड का भुगतान नहीं किया जाता है, तो इसे भू–राजस्व के ऋणशेष के रूप में वसूल किया जा सकता है।

(4) शिकायतें योजित करने की प्रक्रिया –

(क) उप–निबंधक एवं निबंधक की कार्रवाइयों या निष्क्रियता के विरुद्ध शिकायतें संहिता के वेब–पोर्टल अर्थात www.ucc.uk.gov.in पर अथवा मोबाइल ऐप के माध्यम से क्रमशः संबंधित निबंधक एवं महानिबंधक के समक्ष दर्ज की जाएंगी।

(ख) खंड (क) के अंतर्गत दर्ज शिकायतों की जांच की जाएगी तथा यथासंभव ऐसी जांच के निष्कर्ष शिकायतकर्ता को, शिकायत प्राप्त होने के 45 दिनों के भीतर सूचित किए जाएंगे।

(5) विवाहों के पंजीकरण/अभिस्वीकृति की सुगमता एवं प्रोत्साहन–

संहिता प्रारम्भ होने के दिनांक के छहः माह पश्चात् किसी भी विवाहित, विवाह विच्छेदित अथवा विधवा/विधुर व्यक्ति को राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित योजनाओं, सेवाओं और सब्सिडी के अंतर्गत लाभ उठाने हेतु अपने विवाह को पंजीकृत/अभिस्वीकृत कराना अनिवार्य होगा। विवाहों के पंजीकरण/अभिस्वीकृति की सुविधा और प्रोत्साहन हेतु जब भी आवश्यक हो, राज्य सरकार उपरोक्त सूची में उल्लिखित सरकारी योजनाओं/सेवाओं में कोई भी परिवर्तन अधिसूचित कर सकती है।

(6) प्रमाणित उद्धरण प्राप्त करना –

(क) नियम 20 के उपनियम (1) के खंड (क) के अन्तर्गत सुलभ सूचना के प्रमाणित उद्धरण प्राप्त करने हेतु आवेदक को संहिता के आधिकारिक वेब–पोर्टल अर्थात www.ucc.uk.gov.in अथवा मोबाइल ऐप के माध्यम से क्षेत्राधिकार प्राप्त उप–निबंधक को ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना होगा तथा राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचना के माध्यम से निर्धारित शुल्क भी देय होगा।

(ख) नियम 20 के उपनियम (1) के खंड (ख) के अन्तर्गत सुलभ सूचना के प्रमाणित उद्धरण प्राप्त करने हेतु आवेदकों को संहिता के आधिकारिक वेब–पोर्टल अर्थात www.ucc.uk.gov.in अथवा मोबाइल

ऐप के माध्यम से महानिबंधक को संयुक्त रूप से आवेदन प्रस्तुत करना होगा तथा राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचना के माध्यम से निर्धारित शुल्क भी देय होगा।

(7) उत्तराधिकार के मामले में प्रमाणित प्रति प्राप्त करने की प्रक्रिया –

(क) अध्याय–4 के अंतर्गत घोषणाकर्ता का मृत्यु प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करके, उसके विधिक उत्तराधिकारी इच्छापत्र रहित मृतक के विधिक उत्तराधिकारी की घोषणा के प्रमाण–पत्र की प्रमाणित प्रति हेतु आवेदन कर सकते हैं।

(ख) अध्याय–4 के अंतर्गत इच्छापत्रकर्ता का मृत्यु प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करके, निष्पादक, इच्छापत्रदार या इच्छापत्रकर्ता के अंतिम पंजीकृत इच्छापत्रीय कथन/अभिलेख में उल्लिखित अधिकृत व्यक्ति उसकी प्रमाणित प्रति प्राप्त करने हेतु आवेदन कर सकते हैं।

(ग) उपनियम 6 (क) और (ख) के अंतर्गत निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा–

(i) आवेदक आधार संख्या दर्ज करके एवं घोषणाकर्ता या इच्छापत्रकर्ता का मृत्यु प्रमाण–पत्र अपलोड करके, यह जांच सकता है कि यथास्थिति घोषणाकर्ता के नाम पर या इच्छापत्रकर्ता के नाम पर, विधिक उत्तराधिकारी की घोषणा का प्रमाण–पत्र या इच्छापत्रीय कथन/अभिलेख पंजीकृत है या नहीं।

(ii) यदि उपरोक्त उपखंड (i) में उल्लिखित खोज सकारात्मक परिणाम देती है, तो आवेदक के पास राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचना के माध्यम से निर्धारित शुल्क देकर यथास्थिति विधिक उत्तराधिकारियों की घोषणा या इच्छापत्रीय कथन/अभिलेख की प्रमाणित प्रति हेतु आवेदन करने का विकल्प होगा।

(iii) यदि मृत्यु प्रमाण पत्र प्रामाणिक पाया जाता है, तो संबंधित उप–निबंधक द्वारा आवेदक को ईमेल, एसएमएस एवं व्हाट्सएप के माध्यम से वांछित अभिलेख की प्रमाणित प्रति प्रदान की जाएगी।

(8) साझी गृहस्थी के रूप में उपयोग किए जाने हेतु किराये के आवास की व्यवस्था को सुलभ बनाना–

(क) जब तक सहवासी संबंध का प्रमाण–पत्र/अनंतिम प्रमाण–पत्र उपलब्ध है, तब तक कोई भी भवन स्वामी पूर्व से ही सहवासी संबंध में रह रहे या सहवासी संबंध में प्रवेश के इच्छुक व्यक्तियों को मात्र इस आधार पर किराये हेतु आवास देने से मना नहीं कर सकता क्योंकि वे विवाहित नहीं हैं।

(ख) किरायेदार के रूप में, किराया अनुबंध उन व्यक्तियों द्वारा संयुक्त रूप से निष्पादित किया जा सकता है जो पूर्व से ही सहवासी संबंध में रह रहे हैं /सहवासी संबंध में प्रवेश के इच्छुक हैं। सहवासी संबंध का प्रमाणपत्र/अनंतिम प्रमाणपत्र किराया अनुबंध का एक अंश होगा।

(ग) भवन स्वामी हेतु यह अनिवार्य होगा कि वह पूर्व से ही सहवासी संबंध में रह रहे हैं अथवा सहवासी संबंध में प्रवेश के इच्छुक व्यक्तियों के साथ किराया अनुबंध निष्पादित करने से पूर्व सहवासी संबंध के प्रमाण–पत्र/अस्थायी प्रमाण–पत्र की प्रति की मांग करे। ऐसा प्रमाणपत्र उपरोक्त खंड (ख) में निर्धारित तरीके से किराया अनुबंध का एक हिस्सा बनेगा। इस प्रावधान का उल्लंघन करने पर

निबंधक संबंधित भवन स्वामी पर राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचना के माध्यम से निर्धारित शास्ति अधिरोपित कर सकेंगे।

21. कठिनाइयों के निवारण की शक्ति

राज्य सरकार, इस नियमावली के किसी भी प्रावधान के क्रियान्वयन में उत्पन्न होने वाली किसी भी कठिनाई/बाधा को दूर करने के उद्देश्य से, ऐसा कोई सामान्य या विशेष आदेश पारित कर सकती है जिसे वह उचित या जनहित में आवश्यक समझे।

(शैलेश बगौली)
सचिव।

प्रपत्र

1

प्रपत्र 1

विवाह पंजीकरण/पंजीकृत विवाह की अभिस्वीकृति

[समान नागरिक संहिता नियमावली, उत्तराखण्ड, 2025 के नियम 9(10) के अंतर्गत]

चरण 1– पंजीकरण विवरण

1. क्या पंजीकृत/अभिस्वीकृत किए जाने वाले विवाह में एक से अधिक जीवनसाथी (पति/पत्नी) हैं?*
☐ हाँ ☐ नहीं

- *(यदि 'हाँ' का चयन किया गया है)*
  पति के जीवनसाथियों (पत्नी) की संख्या निर्दिष्ट करें (1 से 4) * ....
  (वैधानिक प्रावधान के प्रमाण की प्रति संलग्न करें) *
  नोट – यदि एक से अधिक पत्नियां हैं, तो कृपया प्रत्येक हेतु पृथक प्रपत्र भरें।

2. क्या ज्ञापन संयुक्त रूप से या एकल रूप से प्रस्तुत किया जा रहा है? *
☐ संयुक्त रूप से ☐ एकल रूप से

- *(यदि 'एकल रूप से' का चयन किया गया है)*
  पंजीकरण/अभिस्वीकृति हेतु कौन आवेदन कर रहा है? *
  ☐ केवल पत्नी ☐ केवल पति

3. एकल रूप से आवेदन करने का कारण? *
☐ विवाह–विच्छेदित ☐ विवाह निरस्त ☐ विधवा/विधुर

- *(यदि 'विवाह–विच्छेदित/निरस्त विवाह' का चयन किया गया है)*
  विवाह–विच्छेद /विवाह अकृतता की तिथि______/______/______

- *(यदि विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता की तिथि संहिता के लागू होने से पूर्व है)*
  के माध्यम से विवाह विघटित/अमान्य *
  ☐ विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता की आज्ञप्ति
  ☐ प्रथागत क़ानून

- *(यदि 'विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता' का चयन किया गया है)*
  विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता के आज्ञप्ति का प्रमाण चुनें *
  ☐ विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता के आज्ञप्ति की निर्णय संख्या
  ☐ विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता के आज्ञप्ति हेतु पावती प्रमाण पत्र संख्या
  (यदि समान नागरिक संहिता, उत्तराखण्ड, 2024 के अधीन पंजीकृत है)

  - *(यदि विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता के आज्ञप्ति की निर्णय संख्या का चयन किया गया है)**
    विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता के आज्ञप्ति पर सीएनआर संख्या ____________________
    न्यायालय * ____
    प्रकरण संख्या * ______________________________________

प्रकरण वर्ष * ______________________________

डायरी संख्या ______________________________

*(विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता के आज्ञप्ति की प्रति संलग्न करें)**

- *(यदि विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता के आज्ञप्ति हेतु पावती प्रमाण पत्र संख्या का चयन किया गया है)**

  पावती प्रमाण पत्र संख्या * ______________________________

  *(विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता के आज्ञप्ति के पावती प्रमाण पत्र की एक प्रति संलग्न करें)**

- *(यदि प्रथागत कानून का चयन किया गया है)*

  *संगठन जिसने विवाह को विघटित/अमान्य घोषित किया** ______________

  *संगठन का पता जिसने विवाह को विघटित/अमान्य घोषित किया**

  ____

  ______________________________ *(विवाह विघटन/अकृतता का दस्तावेजी प्रमाण संलग्न करें)**

- *(यदि विधवा/विधुर का चयन किया गया है)*

  जीवनसाथी की मृत्यु प्रमाण पत्र संख्या* ______________________

  (जीवनसाथी का मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न करें)

4. विवाह की तिथि* ________/______/______

5. क्या विवाह किसी अधिनियम/नियम के अधीन पंजीकृत किया गया है?*

☐ हाँ ☐ नहीं

- *(यदि 'हाँ' का चयन किया गया है)*

  विवाह किस अधिनियम/नियम के अधीन पंजीकृत किया गया है? *

  ☐ विशेष विवाह अधिनियम, 1954

  ☐ उत्तर प्रदेश हिंदू विवाह (पंजीकरण) नियम, 1973

  ☐ भारतीय ईसाई विवाह अधिनियम, 1872

  ☐ पारसी विवाह और विवाह विच्छेद अधिनियम, 1936

  ☐ आर्य विवाह विधिमान्यकरण अधिनियम, 1937

  ☐ आनंद विवाह अधिनियम, 1909

  ☐ उत्तराखण्ड अनिवार्य विवाह पंजीकरण अधिनियम, 2010

  ☐ कोई अन्य अधिनियम/नियम

- *(यदि किसी अन्य अधिनियम/नियम का चयन किया गया है)*

  अधिनियम/नियम का नाम * ______________________________

6. विवाह पक्ष में से कौन सा पक्ष उत्तराखण्ड का निवासी है?*

☐ स्त्री ☐ पुरुष ☐ दोनों

यदि "दोनों" का चयन किया गया है, तो पति एवं पत्नी को पृथक रूप से निवास श्रेणी का चयन करना है।

- पत्नी/पति के निवास की श्रेणी?*

☐ इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अंतर्गत स्थायी निवासी।
स्थायी निवास के प्रमाण का चयन करें*
☐ निवास प्रमाण पत्र ☐ स्थायी निवासी प्रमाण पत्र
(निवास प्रमाण के रूप में चयनित प्रमाण पत्र की एक प्रति संलग्न करें)

☐ राज्य सरकार या उसके उपक्रमों/संस्थाओं का स्थायी कर्मचारी।
राज्य सरकार के साथ स्थायी रोजगार के प्रमाण का चयन करें*
☐ नियोक्ता द्वारा प्रमाण पत्र ☐ रोजगार का अन्य दस्तावेजी प्रमाण
(रोजगार प्रमाण की प्रति संलग्न करें)

☐ केंद्र सरकार या उसके उपक्रमों/संस्थाओं के स्थायी कर्मचारी, जो उत्तराखंड क्षेत्रान्तर्गत कार्यरत हैं।
केंद्र सरकार के साथ स्थायी रोजगार के प्रमाण का चयन करें*
☐ नियोक्ता द्वारा प्रमाण पत्र ☐ रोजगार का अन्य दस्तावेजी प्रमाण
(रोजगार प्रमाण की प्रति संलग्न करें)

☐ राज्य में एक वर्ष से अधिक निवासरत।
निवास प्रमाण का चयन करें*
☐ न्यूनतम एक वर्ष पुराना विद्युत/जल का बिल
☐ पासपोर्ट के प्रासंगिक उद्धरण
☐ किराया अनुबंध के साथ न्यूनतम एक वर्ष पुराना किरायेदार सत्यापन प्रमाणपत्र
(चयनित विकल्प को निवास प्रमाण के रूप में संलग्न करें)
(यदि किराया अनुबंध के साथ न्यूनतम एक वर्ष पुराने किरायेदार सत्यापन प्रमाणपत्र का चयन किया गया है)
किरायेदार सत्यापन संख्या* ____
(किराया अनुबंध की एक प्रति एवं एक वर्ष पुराना किरायेदार सत्यापन प्रमाणपत्र संलग्न करें)

☐ राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार की राज्य में लागू किसी भी योजना का लाभार्थी।

लाभार्थी योजना के प्रमाण का चयन करें*
☐ अटल आयुष्मान उत्तराखंड योजना
☐ आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
☐ राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना
☐ प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना
☐ अंत्योदय अन्न योजना

☐ प्राथमिक परिवार योजना
☐ राज्य खाद्य योजना
☐ प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना
☐ यूपीसीएल द्वारा घरेलू विद्युत उपभोक्ता
☐ कोई अन्य लाभार्थी योजना

(यदि किसी अन्य लाभार्थी योजना का चयन किया गया है)
योजना का नाम निर्दिष्ट करें* ________________________________

(यदि यूपीसीएल द्वारा घरेलू विद्युत उपभोक्ता का चयन किया गया है)
घरेलू विद्युत् संयोजन संख्या* ________________________________

(यदि "यूपीसीएल द्वारा घरेलू विद्युत् उपभोक्ता" के अतिरिक्त का चयन किया गया है)
लाभार्थी कार्ड/पंजीकरण संख्या* ________________________________

*लाभार्थी स्थिति के प्रमाण का चयन करें**
☐ राज्य/केंद्र सरकार द्वारा जारी लाभार्थी कार्ड
☐ कोई अन्य वैध दस्तावेज़ जो दावे का समर्थन करता हो
(लाभार्थी का प्रमाण संलग्न करें)

चरण 2– पत्नी का विवरण

7. आधार संख्या ________________________________

8. नाम * ________________________________

9. जन्म तिथि* ________/______/______

10. लिंग* ☐ महिला (अनिवार्य चेकबॉक्स)

11. जन्म तिथि के अनुसार आयु * ________________________________

12. जन्म तिथि का प्रमाण*
☐ जन्म प्रमाण पत्र ☐ 10वीं कक्षा का मार्कशीट ☐ पैन कार्ड ☐ पासपोर्ट
(चयनित जन्म तिथि प्रमाण की एक प्रति संलग्न करें)

13. संरक्षक प्रकार का चयन करें*
☐ माता–पिता ☐ विधिक संरक्षक

- *(यदि माता–पिता का चयन किया गया है)*

माता–पिता का विवरण

माता का नाम * ______________________

पिता का नाम * ______________________

माता/पिता का मोबाइल नंबर * ______________________

माता/पिता का ईमेल–आईडी ______________________

माता/पिता का पूर्ण पता * ______________________

क्या माता–पिता में से कोई एक उत्तराखण्ड का निवासी है?

☐ **हाँ** ☐ **नहीं**

(यदि 'हाँ' का चयन किया गया है)

यूसीसी के अधीन विवाह पंजीकरण/पावती संख्या ______________________

(विवाह पंजीकरण/पावती प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें)

- *(यदि विधिक संरक्षक का चयन किया गया है)*

विधिक संरक्षक का विवरण

विधिक संरक्षक का नाम * ______________________

विधिक संरक्षक का मोबाइल नंबर * ______________________

विधिक संरक्षक का ईमेल–आईडी ______________________

विधिक संरक्षक का पूर्ण पता * ______________________

क्या विधिक संरक्षक उत्तराखण्ड का निवासी है?

☐ **हाँ** ☐ **नहीं**

(यदि 'हाँ' का चयन किया गया है)

यूसीसी के अधीन विवाह पंजीकरण/पावती संख्या ______________________

(विवाह पंजीकरण/पावती प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें)

14. राष्ट्रीयता * ______________________

- *(यदि राष्ट्रीयता भारतीय नहीं है)*

  मूल देश का पूर्ण पता *

  ____

  ____

  *(पासपोर्ट के उद्धरण संलग्न करें)**

15. धर्म *

☐ हिंदू धर्म ☐ ईसाई धर्म ☐ इस्लाम

☐ सिख धर्म ☐ जैन धर्म ☐ बौद्ध धर्म

☐ पारसी धर्म ☐ यहूदी धर्म ☐ नास्तिकता ☐ अन्य

- *(यदि अन्य का चयन किया गया है)*

  धर्म का नाम * ______________________

16. वर्ग *

☐ सामान्य ☐ अनुसूचित जाति ☐ अन्य पिछड़ा वर्ग ☐ अन्य

17. **पूर्व वैवाहिक स्थिति** *

☐ अविवाहित ☐ विवाह–विच्छेदित ☐ विवाह निरस्त

☐ विधवा ☐ समाप्त सहवासी संबंध ☐ सहवासी साथी की मृत्यु

- *(यदि विवाह–विच्छेदित/विवाह निरस्त का चयन किया गया है)*
  विवाह–विच्छेद /विवाह अकृतता की तिथि______/______/______

- *(यदि विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता की तिथि संहिता के लागू होने से पूर्व है)*
  के माध्यम से विवाह विघटित/अमान्य *
  ☐ विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता की आज्ञप्ति
  ☐ प्रथागत क़ानून

- *(यदि 'विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता' का चयन किया गया है)*
  विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता के आज्ञप्ति का प्रमाण चुनें *
  ☐ विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता के आज्ञप्ति की निर्णय संख्या
  ☐ विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता के आज्ञप्ति हेतु पावती प्रमाण पत्र संख्या
  (यदि समान नागरिक संहिता, उत्तराखण्ड, 2024 के अधीन पंजीकृत है)

  - *(यदि विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता के आज्ञप्ति की निर्णय संख्या का चयन किया गया है)**
    विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता के आज्ञप्ति पर सीएनआर संख्या ____________________
    न्यायालय * ____________________
    प्रकरण संख्या * ____________________
    प्रकरण वर्ष * ____________________
    डायरी संख्या ____________________
    *(विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता के आज्ञप्ति की प्रति संलग्न करें)**

  - *(यदि विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता के आज्ञप्ति हेतु पावती प्रमाण पत्र संख्या का चयन किया गया है)**
    पावती प्रमाण पत्र संख्या * ____________________
    (विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता के आज्ञप्ति के पावती प्रमाण पत्र की एक प्रति संलग्न करें) *

  - *(यदि प्रथागत कानून का चयन किया गया है)*
    *संगठन जिसने विवाह को विघटित/अमान्य घोषित किया** ____________________
    *संगठन का पता जिसने विवाह को विघटित/अमान्य घोषित किया**

____

____ *(विवाह विघटन/अकृतता का दस्तावेजी प्रमाण संलग्न करें)* *

- *(यदि विधवा का चयन किया गया है)*
  पति की मृत्यु प्रमाण पत्र संख्या* ______________________
  (पति का मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न करें)

- *(यदि "समाप्त सहवासी संबंध" का चयन किया गया है)*
  सहवासी संबंध के समाप्ति का संख्या * ______________
  (सहवासी संबंध की समाप्ति प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करें)

- *(यदि मृतक सहवासी साथी का चयन किया गया है)*
  सहवासी संबंध की पंजीकरण संख्या * ______________________
  मृत पुरुष सहवासी साथी की मृत्यु प्रमाण पत्र संख्या * ______________________
  *(मृत पुरुष सहवासी साथी का मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न करें)**

18. मोबाइल नंबर (आधार से संबद्ध) * **+91** ______________________

19. वैकल्पिक मोबाइल नंबर ***+91** ______________________

20. ईमेल आईडी ______________________

21. वर्तमान पता
राज्य * ______________________
जिला * ______________________
तहसील * ______________________
क्षेत्र * ☐ ग्रामीण ☐ शहरी ☐ छावनी बोर्ड

- *(यदि ग्रामीण क्षेत्र का चयन किया गया है)*
  ब्लॉक * ______________________
  ग्राम पंचायत * ______________________
  ग्राम * ______________________

- *(यदि शहरी क्षेत्र का चयन किया गया है)*
  नगर क्षेत्र * नगर पंचायत/नगर पालिका/नगर निगम
  नगर क्षेत्र का नाम * ______________________
  नगर वार्ड संख्या * ______________________

- *(यदि छावनी बोर्ड का चयन किया गया है)*
  छावनी बोर्ड का नाम *______________________
  पिन कोड * ______________________
  पूर्ण पता * ______________________
  सीमाचिह्न * ______________________

22. <u>स्थायी पता</u>
वर्तमान पते के समान*

☐ हाँ ☐ नहीं

(यदि 'नहीं' का चयन किया गया है)
राज्य * ______________________________
जिला * ______________________________
तहसील * ______________________________
क्षेत्र * ☐ ग्रामीण ☐ शहरी ☐ छावनी बोर्ड

- *(यदि ग्रामीण क्षेत्र का चयन किया गया है)*
  ब्लॉक * ______________________________
  ग्राम पंचायत * ______________________________
  ग्राम * ______________________________

- *(यदि शहरी क्षेत्र का चयन किया गया है)*
  नगर क्षेत्र * नगर पंचायत/नगर पालिका/नगर निगम
  नगर क्षेत्र का नाम * ______________________________
  नगर वार्ड संख्या * ______________________________

- *(यदि छावनी बोर्ड का चयन किया गया है)*
  छावनी बोर्ड का नाम *__________ पिन
  कोड * _____
  पूर्ण पता * __
  सीमाचिह्न * __

चरण 3– पति का विवरण

23. आधार संख्या ______________________________

24. नाम * ______________________________

25. जन्म तिथि *__________/______/______

26. लिंग * ☐ पुरूष (अनिवार्य चेकबॉक्स)

27. जन्म तिथि के अनुसार आयु * _________

28. जन्म तिथि का प्रमाण*
☐ जन्म प्रमाण पत्र ☐ 10वीं कक्षा का मार्कशीट ☐ पैन कार्ड ☐ पासपोर्ट
(चयनित जन्म तिथि प्रमाण की एक प्रति संलग्न करें)

29. संरक्षक प्रकार का चयन करें *
☐ माता–पिता ☐ विधिक संरक्षक

- *(यदि माता–पिता का चयन किया गया है)*

  <u>माता–पिता का विवरण</u>

  माता का नाम * ______________________

  पिता का नाम* ______________________

  माता/पिता का मोबाइल नंबर* ______________________

  माता/पिता का ईमेल–आईडी ______________________

  माता/पिता का पूर्ण पता* ______________________

  क्या माता–पिता में से कोई एक उत्तराखण्ड का निवासी है?

  ☐ हाँ ☐ नहीं

  (यदि 'हाँ' का चयन किया गया है)

  यूसीसी के अधीन विवाह पंजीकरण/पावती संख्या ______________________

  (विवाह पंजीकरण/पावती प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें)

- *(यदि विधिक संरक्षक का चयन किया गया है)*

  <u>विधिक संरक्षक का विवरण</u>

  विधिक संरक्षक का नाम* ______________________

  विधिक संरक्षक का मोबाइल नंबर* ______________________

  विधिक संरक्षक का ईमेल–आईडी ______________________

  विधिक संरक्षक का पूर्ण पता* ______________________

  क्या विधिक संरक्षक उत्तराखण्ड का निवासी है?

  ☐ हाँ ☐ नहीं

  (यदि 'हाँ' का चयन किया गया है)

  यूसीसी के अधीन विवाह पंजीकरण/पावती संख्या ______________________

(विवाह पंजीकरण/पावती प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें)

30. राष्ट्रीयता * ______________________

- *(यदि राष्ट्रीयता भारतीय नहीं है)*

  मूल देश का पूर्ण पता*

  ____

  ____

  *(पासपोर्ट के उद्धरण संलग्न करें)**

31. धर्म*

☐ हिंदू धर्म ☐ ईसाई धर्म ☐ इस्लाम

☐ सिख धर्म ☐ जैन धर्म ☐ बौद्ध धर्म

☐ पारसी धर्म ☐ यहूदी धर्म ☐ नास्तिकता ☐ अन्य

- *(यदि अन्य का चयन किया गया है)*

  धर्म का नाम * ______________________

32. वर्ग*

☐ सामान्य ☐ अनुसूचित जाति ☐ अन्य पिछड़ा वर्ग ☐ अन्य

33. पूर्व वैवाहिक स्थिति*

☐ अविवाहित ☐ विवाह–विच्छेदित ☐ विवाह निरस्त

☐ विधुर ☐ समाप्त सहवासी संबंध ☐ सहवासी साथी की मृत्य

☐ विवाहित

- *(यदि विवाह–विच्छेदित/विवाह निरस्त का चयन किया गया है)*

  विवाह–विच्छेद /विवाह अकृतता की तिथि______/____/_____

- *(यदि विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता की तिथि संहिता के लागू होने से पूर्व है)*

  के माध्यम से विवाह विघटित/अमान्य*

  ☐ विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता की आज्ञप्ति

  ☐ प्रथागत क़ानून

- *(यदि 'विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता' का चयन किया गया है)*

  विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता के आज्ञप्ति का प्रमाण चुनें*

  ☐ विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता के आज्ञप्ति की निर्णय संख्या

  ☐ विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता के आज्ञप्ति हेतु पावती प्रमाण पत्र संख्या

  ☐ *(यदि समान नागरिक संहिता, उत्तराखण्ड, 2024 के अधीन पंजीकृत है)*

  - *(यदि विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता के आज्ञप्ति की निर्णय संख्या का चयन किया गया है)**

    विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता के आज्ञप्ति पर सीएनआर संख्या ________________

    न्यायालय * __________________________________

    प्रकरण संख्या * ________________________________

    प्रकरण वर्ष * _________________________________

    डायरी संख्या _________________________________

    *(विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता के आज्ञप्ति की प्रति संलग्न करें)**

  - *(यदि विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता के आज्ञप्ति हेतु पावती प्रमाण पत्र संख्या का चयन किया गया है)**

    पावती प्रमाण पत्र संख्या * ____________________________

    *(विवाह–विच्छेद/विवाह अकृतता के आज्ञप्ति के पावती प्रमाण पत्र की एक प्रति संलग्न करें)**

  - *(यदि प्रथागत कानून का चयन किया गया है)*

    *संगठन जिसने विवाह को विघटित/अमान्य घोषित किया** ____________

    *संगठन का पता जिसने विवाह को विघटित/अमान्य घोषित किया**

    ____

____ *(विवाह विघटन/अकृतता का दस्तावेजी प्रमाण संलग्न करें)**

- *(यदि विधुर का चयन किया गया है)*
  पत्नी की मृत्यु प्रमाण पत्र संख्या* ______________________________
  (पत्नी का मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न करें)

- *(यदि "समाप्त सहवासी संबंध" का चयन किया गया है)*
  सहवासी संबंध के समाप्ति का संख्या * ______________
  (सहवासी संबंध की समाप्ति प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करें)

- *(यदि मृतक सहवासी साथी का चयन किया गया है)*
  सहवासी संबंध की पंजीकरण संख्या * ______________________________
  मृत महिला सहवासी साथी की मृत्यु प्रमाण पत्र संख्या * ______________________
  *(मृत महिला सहवासी साथी का मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न करें)**

34. मोबाइल नंबर (आधार से संबद्ध) * **+91** ______________________________

35. वैकल्पिक मोबाइल नंबर * **+91** ______________________________

36. ईमेल आईडी ______________________________________

37. वर्तमान पता
राज्य * ______________________________________
जिला * ______________________________________
तहसील * ______________________________________
क्षेत्र * ☐ ग्रामीण ☐ शहरी ☐ छावनी बोर्ड

- *(यदि ग्रामीण क्षेत्र का चयन किया गया है)*
  ब्लॉक * ______________________________________
  ग्राम पंचायत * ______________________________________
  ग्राम * ______________________________________

- *(यदि शहरी क्षेत्र का चयन किया गया है)*
  नगर क्षेत्र * नगर पंचायत/नगर पालिका/नगर निगम
  नगर क्षेत्र का नाम * ______________________________________
  नगर वार्ड संख्या * ______________________________________

- *(यदि छावनी बोर्ड का चयन किया गया है)*

छावनी बोर्ड का नाम *______________________________________
पिन कोड * ______________________________________
पूर्ण पता * ______________________________________
सीमाचिह्न * ______________________________________

38. <u>स्थायी पता</u>

वर्तमान पते के समान*

☐ हाँ ☐ नहीं

(यदि 'नहीं' का चयन किया गया है)

राज्य * ____________________

जिला * ____________________

तहसील * ____________________

क्षेत्र * ☐ ग्रामीण ☐ शहरी ☐ छावनी बोर्ड

- *(यदि ग्रामीण क्षेत्र का चयन किया गया है)*

  ब्लॉक * ____________________

  ग्राम पंचायत * ____________________

  ग्राम * ____________________

- *(यदि शहरी क्षेत्र का चयन किया गया है)*

  नगर क्षेत्र * नगर पंचायत / नगर पालिका / नगर निगम

  नगर क्षेत्र का नाम * ____________________

  नगर वार्ड संख्या * ____________________

- *(यदि छावनी बोर्ड का चयन किया गया है)*

  छावनी बोर्ड का नाम * __________ पिन

  कोड * _____

  पूर्ण पता * __

  सीमाचिह्न * ____________________

चरण 4 – विवाह / विवाह पंजीकरण विवरण

(यदि विवाह पूर्व से ही किसी अन्य अधिनियम / नियमों के अधीन पंजीकृत है)

विवाह पंजीकरण संख्या * ____________________

विवाह पंजीकरण की तिथि * ______/____/______

*(विवाह पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करें)**

39. विवाह समारोह का प्रकार *

☐ सप्तपदी	☐ आशीर्वाद	☐ निकाह
☐ पवित्र मिलन	☐ आनंद कारज	☐ आर्य समाजी
☐ निसुइन	☐ मंगल फेरे	☐ पख्तून
☐ अन्य		

(यदि 'अन्य' का चयन किया गया है)

*विवाह समारोह का नाम ** ____________________

(यदि विवाह की तिथि संहिता के लागू होने से पूर्व है)
विवाह समारोह का प्रमाण चुनें
☐ विवाह समारोह प्रमाणपत्र, जो विवाह संपन्न कराने वाले अनुष्ठाता द्वारा निर्गत किया गया है
☐ स्व–घोषणा प्रमाणपत्र
(विवाह समारोह प्रमाणपत्र या स्व–घोषणा की प्रति संलग्न करें)

(यदि विवाह की तिथि संहिता के लागू होने की तिथि या उसके बाद है)
विवाह समारोह का प्रमाण चुनें
☐ विवाह समारोह प्रमाणपत्र, जो विवाह संपन्न कराने वाले अनुष्ठाता द्वारा निर्गत किया गया है
(विवाह समारोह प्रमाणपत्र या स्व–घोषणा की प्रति संलग्न करें)

विवाह संपन्न कराने वाले अनुष्ठाता का विवरण *

अनुष्ठाता का नाम * ____________________
अनुष्ठाता का पूर्ण पता * ____________________
अनुष्ठाता का मोबाइल नंबर * ____________________
अनुष्ठाता की ईमेल आईडी ____________________

40. <u>उत्तराखण्ड के अंतर्गत विवाह का स्थान</u>

राज्य * ____________________
जिला * ____________________
तहसील * ____________________
क्षेत्र * ☐ ग्रामीण ☐ शहरी ☐ छावनी बोर्ड

- *(यदि ग्रामीण क्षेत्र का चयन किया गया है)*
  ब्लॉक * ____________________
  ग्राम पंचायत * ____________________
  ग्राम * ____________________

- *(यदि शहरी क्षेत्र का चयन किया गया है)*
  नगर क्षेत्र * नगर पंचायत / नगर पालिका / नगर निगम
  नगर क्षेत्र का नाम * ____________________
  नगर वार्ड संख्या * ____________________

- *(यदि छावनी बोर्ड का चयन किया गया है)*

छावनी बोर्ड का नाम * ____________________
पिन कोड * ____________________
पूर्ण पता * ____________________
सीमाचिह्न * ____________________

41. <u>उत्तराखंड के बाहर एवं भारत के सीमान्तर्गत विवाह का स्थान</u>

राज्य * ____________________

जिला * ____________________

तहसील * ____________________

क्षेत्र * ☐ ग्रामीण ☐ शहरी ☐ छावनी बोर्ड

- *(यदि ग्रामीण क्षेत्र का चयन किया गया है)*

  ब्लॉक * ____________________

  ग्राम पंचायत * ____________________

  ग्राम * ____________________

- *(यदि शहरी क्षेत्र का चयन किया गया है)*

  नगर क्षेत्र * नगर पंचायत/नगर पालिका/नगर निगम

  नगर क्षेत्र का नाम * ____________________

  नगर वार्ड संख्या * ____________________

- *(यदि छावनी बोर्ड का चयन किया गया है)*

  छावनी बोर्ड का नाम * ____________________

  पिन कोड * ____________________

  पूर्ण पता * ____________________

  सीमाचिह्न * ____________________

चरण 5 – प्रतिषिद्ध नातेदारी का विवरण

42. क्या विवाह से पूर्व पत्नी एवं पति के मध्य कोई संबंध था? *

☐ हाँ ☐ नहीं

(यदि 'हाँ' का चयन किया गया है)

संबंध निर्दिष्ट करें * ____________________

43. क्या उल्लिखित संबंध प्रतिषिद्ध नातेदारी की डिग्री के अंतर्गत है? *

☐ हाँ ☐ नहीं

(यदि 'हाँ' का चयन किया गया है)

☐ पक्षकारों को शासित करने वाले रूढ़ि अथवा प्रथा ऐसे नातेदारी के मध्य विवाह की अनुमति प्रदान करते हैं *

*(धर्म गुरु/समुदाय प्रमुख द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र संलग्न करें जो प्रमाणित करता हो कि पक्षकारों की रूढ़ि एवं प्रथाएं इस प्रकार के विवाह की अनुमति प्रदान करती हैं) **

धर्म गुरु/समुदाय प्रमुख का नाम * ____________________

धर्म गुरु/समुदाय प्रमुख का पूर्ण पता * ____________________

धर्म गुरु/समुदाय प्रमुख का मोबाइल नंबर * ____________________

धर्म गुरु/समुदाय प्रमुख की ईमेल आईडी ____________________

चरण 6– बच्चों का विवरण

44. बच्चे का आगमन*

☐ इस विवाह से पूर्व

☐ विवाह की तिथि एवं ज्ञापन प्रस्तुत करने की तिथि के मध्य

☐ कोई बच्चा नहीं

बच्चे का विवरण *(यदि 'इस विवाह से पूर्व' का चयन किया गया है)*	
बच्चा किसका है? *	☐ पत्नी ☐ पति ☐ दोनों
बच्चा जनित है या दत्तक ग्रहित है? *	☐ जनित ☐ दत्तक ग्रहित
(यदि 'जनित' का चयन किया गया है)	
जन्म प्रमाण पत्र संख्या*	
(यदि 'दत्तक ग्रहित' का चयन किया गया है)	
दत्तक ग्रहण प्रमाणपत्र संख्या *	
बच्चे का नाम *	
लिंग *	☐ महिला ☐ पुरुष ☐ अन्य
जन्म स्थान * *(यदि 'जनित' का चयन किया गया है)*	
जन्म तिथि *	____/____/____
आयु *	
(यदि 'जनित' का चयन किया गया है तो जन्म प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें)	
(यदि 'दत्तक ग्रहित' का चयन किया गया है तो दत्तक ग्रहण प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें)	

नोटः प्रत्येक बच्चे हेतु कृपया पृथक पृष्ठ भरें।

बच्चे का विवरण *(यदि 'विवाह की तिथि एवं ज्ञापन प्रस्तुत करने की तिथि के मध्य' का चयन किया गया है)*	
बच्चा जनित है या दत्तक ग्रहित है? *	☐ जनित ☐ दत्तक ग्रहित
(यदि 'जनित' का चयन किया गया है)	
जन्म प्रमाण पत्र संख्या*	
(यदि 'दत्तक ग्रहित' का चयन किया गया है)	
दत्तक ग्रहण प्रमाणपत्र संख्या *	
बच्चे का नाम *	
लिंग *	☐ महिला ☐ पुरुष ☐ अन्य
जन्म स्थान * *(यदि 'जनित' का चयन किया गया है)*	
जन्म तिथि *	____/____/____
आयु *	
(यदि 'जनित' का चयन किया गया है तो जन्म प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें)	
(यदि 'दत्तक ग्रहित' का चयन किया गया है तो दत्तक ग्रहण प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें)	

चरण 7 – नोटिस विवरण (यदि कोई हो)

45. क्या पंजीकरण/पावती के लिए नोटिस निर्गत किया गया है?*

☐ हाँ ☐ नहीं

(यदि 'हाँ' का चयन किया गया है)

नोटिस संख्या*________________________________

विलंब हेतु स्पष्टीकरण ________________________________

____

(ऐसे विलंब के समर्थन में दस्तावेज़ की एक प्रति संलग्न करें)

(यदि 'नहीं' का चयन किया गया है)
यदि विलंब हो तो स्पष्टीकरण______________________________

____
(ऐसे विलंब के समर्थन में दस्तावेज़ की एक प्रति संलग्न करें)

चरण 8 – साक्षियों का विवरण

46. <u>साक्षी 1 का विवरण</u>

साक्षी 1 का नाम * ______________________________
साक्षी 1 का पूर्ण पता * ______________________________
साक्षी 1 का मोबाइल नंबर * +91 ______________________________
साक्षी 1 का पहचान प्रमाण * ______________________________
पहचान प्रमाण की पंजीकरण संख्या * ______________________________
साक्षी 1 का पता प्रमाण * ______________________________
पते के प्रमाण की पंजीकरण संख्या * ______________________________
(पहचान एवं पते के प्रमाण की प्रतियां संलग्न करें)

47. <u>साक्षी 2 का विवरण</u>

साक्षी 2 का नाम * ______________________________
साक्षी 2 का पूर्ण पता * ______________________________
साक्षी 2 का मोबाइल नंबर * +91 ______________________________
साक्षी 2 का पहचान प्रमाण * ______________________________
पहचान प्रमाण की पंजीकरण संख्या * ______________________________
साक्षी 2 का पता प्रमाण * ______________________________
पते के प्रमाण की पंजीकरण संख्या * ______________________________
(पहचान एवं पते के प्रमाण की प्रतियां संलग्न करें)

चरण 9– घोषणा

☐ मैं/हम एतद्द्वारा घोषणा करता हूँ/करते हैं कि मेरे/हमारे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार, मेरे/हमारे द्वारा प्रदान की गई सभी सूचना सत्य है तथा संलग्न दस्तावेज कूटरचित/मनगढ़ंत नहीं हैं। मैं/हम यह भी घोषणा करते हैं कि मैं/हम समान नागरिक संहिता, उत्तराखण्ड, 2024 और समान नागरिक संहिता नियमावली, उत्तराखण्ड, 2025 के प्रावधानों का पालन करेंगे एवं उपर्युक्त के उल्लंघन में मैं/हम संहिता और नियमों के यथोचित उपबंधों के अधीन जुर्माना, शास्ति एवं/या दण्ड हेतु उत्तरदायी होंगे।

चरण 10– दस्तावेज
- पत्नी एवं पति की फोटो
- पत्नी एवं पति के आधार कार्ड की प्रति
- पत्नी एवं पति के पैन कार्ड की प्रति
- ज्ञापन में उल्लिखित अन्य प्रासंगिक दस्तावेज

प्रपत्र 2

विवाह–विच्छेद/विवाह की अकृतता का पंजीकरण

[समान नागरिक संहिता नियमावली, उत्तराखण्ड, 2025 के नियम 10(6) के अंतर्गत]

चरण 1 – पंजीकरण विवरण

1. विवाह पंजीकरण/पावती संख्या (यूसीसी, 2024 के अधीन निर्गत)

____

2. क्या ज्ञापन संयुक्त रूप से या एकल रूप से प्रस्तुत किया जा रहा है?*

☐ संयुक्त रूप से ☐ एकल रूप से

- *(यदि 'एकल रूप से' का चयन किया गया है)*
  पंजीकरण हेतु कौन आवेदन कर रहा है? *
  ☐ केवल पत्नी ☐ केवल पति

3. पंजीकरण की प्रकृति*

☐विवाह–विच्छेद ☐ विवाह अकृतता

चरण 2– पत्नी का विवरण

4. आधार संख्या ____

5. नाम * ____

6. जन्म तिथि * __/__/______/

7. लिंग * ☐ महिला (अनिवार्य चेकबॉक्स)

8. जन्म तिथि के अनुसार आयु * ____

9. जन्म तिथि का प्रमाण*

☐ जन्म प्रमाण पत्र ☐ 10वीं कक्षा का मार्कशीट ☐ पैन कार्ड ☐ पासपोर्ट

(चयनित जन्म तिथि प्रमाण की एक प्रति संलग्न करें)

10. राष्ट्रीयता * ____

- *(यदि राष्ट्रीयता भारतीय नहीं है)*
  मूल देश का पूर्ण पता * ____
  *(पासपोर्ट के उद्धरण संलग्न करें) **

11. धर्म *

☐ हिंदू धर्म ☐ ईसाई धर्म ☐ इस्लाम
☐ सिख धर्म ☐ जैन धर्म ☐ बौद्ध धर्म
☐ पारसी धर्म ☐ यहूदी धर्म ☐ नास्तिकता ☐ अन्य

- *(यदि अन्य का चयन किया गया है)*

धर्म का नाम * ______________________________

12. वर्ग *

☐ सामान्य ☐ अनुसूचित जाति ☐ अन्य पिछड़ा वर्ग ☐ अन्य

